विश्व न्याय मन्दिर

हम सजग हैं कि मित्र जितना अधिक ईश्वर के शब्दों को बढ़ावा देने के प्रयास करेंगे, वे, तत्काल या बाद में, विभिन्न दिशाओं से उतनी ही अधिक विरोधी शक्तियों का सामना करेंगे। उन्हें अपने मन–मस्तिष्क और आत्मा को अवश्यंभावी परीक्षाओं के विरुद्ध सशक्त करना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि ये उनके प्रयासों की अखंडता को क्षीण कर दें। परंतु अनुयायियों को भली–भांति पता है कि आगे जो भी तूफान हैं, प्रभुधर्म की नौका उन सभी के लिए पर्याप्त है।

–रिज़वान 2022

मूल्य/धर्मार्थ : 1 पैसा
(केवल बहाईयों में वितरण हेतु)

बहाई समाचारपत्र

Licenced to post without Pre-Payment Posted at DPSO
Delhi on 10/11.04 2023

Sender's Address:
6, Shrimant Madhavrao Scindia Marg. New Delhi - 110 001 - INDIA

वर्ष : 59 अंक 04 प्रकाशन : प्रत्येक माह की 8 तारीख

अप्रैल 2023 बहाई वर्ष : 180

झारखण्ड में बाल एवं किशोर मेले का आयोजन

बच्चों एवं किशोरों द्वारा बहाई कक्षाओं में प्राप्त सीखों के आदान–प्रदान का मुख्य केंद्र बहाई बाल एवं किशोर मेला जो विगत तीन वर्षों से कोरोना महामारी के कारण प्रभावित रहा। कोरोना काल के बाद प्रथम बार बाल एवं किशोर मेले का आयोजन जमशेदपुर क्लस्टर स्थित सोनारी, कदमा, बिरसानगर और बगुन्हातु समुदायों में 19, 25, और 26 मार्च, 2023 को हर्षोउल्लास के साथ किया गया। उक्त विभिन्न स्थानों के कार्यक्रमों में बच्चों, किशोरों, शिक्षकों, अनुप्रेरकों तथा अभिभावकों को मिलाकर लगभग 450 प्रतिभागी शामिल हुए। इन विभिन्न समुदायों में क्रमशः 60, 250, 80, 60 मित्रगण शामिल हुए।

इस कार्यक्रम हेतु बच्चों, किशोरों ने प्रार्थना, उद्धरणों, गीत–संगीत, नाटक, खेल तथा अपनी कक्षाओं में प्राप्त की गई सीख के अनुभव तथा अन्य संदर्भों में तैयारी करते हुए प्रस्तुति दी। कलाकृतियाँ जो सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक संदेशों से सुशोभित थीं प्रस्तुत की गईं। बच्चों तथा किशोरों द्वारा आध्यात्मिक गुणों को अपने नाटकों के माध्यम से दर्शाने की अद्भुत कला को प्रस्तुत किया।

उपस्थित अभिभावकों द्वारा भी बच्चों तथा किशोरों द्वारा दी जा रही प्रस्तुति को बहुत प्रोत्साहित किया गया। प्रत्येक उपस्थित बच्चा तथा किशोर प्रस्तुति के लिए बहुत उत्सुक था। यह एक ऐसा मंच था जहाँ पर विभिन्न मोहल्लों तथा समुदायों से बच्चे तथा किशोर पहली बार एक साथ एक मंच पर एकत्र हुए थे और उनमें इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह था। इसकी कल्पना इस बात से की सकती है कि एक माह पूर्व इस कार्यक्रम हेतु दिनाँक तय होने पर बच्चों एवं किशोरों ने प्रस्तुति एवं पहनावे संबंधी अपनी तैयारियाँ शुरू कर दी थीं। इस कार्यक्रम में साज–सजावट हेतु उपयोग की गई चित्रकला,



जमशेदपुर के कदमा में आयोजित बाल एवं किशोर मेले के प्रतिभागी

इस अंक में

पोस्टर और उद्धरण आदि सभी बच्चों एवं किशोरों द्वारा ही तैयार किए गए थे, जो काफी सुंदर एवं प्रेरणादायक थे। उनकी इस तैयारी में स्थानीय बहाई शिक्षक, अनुप्रेरक तथा बहाई युवाओं ने बहुत परिश्रम किया, जिनकी सहायता से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका। इस कार्यक्रम हेतु समुदाय भी पीछे नहीं रहा, एक ओर जहाँ कदमा में इस कार्यक्रम हेतु हॉल

शेष पृष्ठ 3 पर

बिहार में वार्षिक योजना बैठक

प्रभुधर्म में समाज निर्माण शक्ति की बढ़ती मात्रा में निर्मुक्ति एवं शैक्षिक उद्यम की गतिमयता को एक नया आयाम देने के निहितार्थ 21 से 25 फरवरी, 2023 को महाद्वीपीय सलाहकार की विशेष उपस्थिति में वार्षिक योजना एवं बजट सत्र का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सामाजिक क्रियाविधि की तैयारी से संबंधित राष्ट्रीय डेस्क के प्रतिनिधि, लर्निंग साइट नेटवर्क कार्यालय के प्रतिनिधि, लर्निंग साइट बिहारशरीफ के मानव संसाधन, सोल कार्यक्रम के प्रतिनिधि, बिहार के नौ उपक्षेत्र से उपक्षेत्रीय संयोजक एवं विकास सहयोगी, सहायक मंडल सदस्य, प्रशिक्षण संस्थान मंडल एवं राज्य बहाई परिषद बिहार के सदस्य दृष्टिकोण की जानकारी भी साझा की।

विश्व न्याय मन्दिर के 30 दिसम्बर, 2021 के पत्र का अध्ययन करने और उसके आलोक में गत वर्ष की समीक्षा करने के लिए महाद्वीपीय सलाहकार ने मित्रों को प्रोत्साहित किया और कुछ ऐसी उपलब्धियाँ पाई गईं जो राज्य के लिए पहली बार थीं, जिसमें शामिल है – अलौली क्लस्टर में रूही–13 के आधार पर सामुदायिक बैठक का आयोजन करना, फतुहा क्लस्टर में शैक्षिक उद्यम में शामिल मित्रों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से ट्यूटोरियल एवं बहाई प्रेरित विद्यालय के शिक्षकों के साथ बैठक का आयोजन करना, किशोर कक्षा में औपचारीकरण के कुछ तत्वों को



वार्षिक योजना बैठक में भाग लेने वाले मित्रगण

सहित कुल 64 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सुमधुर प्रार्थना एवं पवित्र लेख तत्पश्चात् एक संगीत से की गई।

ज्ञातव्य हो कि राज्य बहाई परिषद, बिहार की ओर से राज्य सांख्यिकी पदाधिकारी ने राज्य के संख्यात्मक वर्णन के साथ पिछले वर्ष की प्राप्त उपलब्धियों से अवगत कराया। साथ ही, परिषद सचिव ने राज्य में हो रहे बदलाव, विभिन्न क्षेत्रों में समूहों द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए विभिन्न एजेंसियों की स्थिति एवं उसकी कार्य–प्रणाली से अवगत कराया। प्रशिक्षण संस्थान के सचिव ने शैक्षणिक गतिविधियों में गत वर्ष हुई उपलब्धियों के साथ–साथ प्रशिक्षण संस्थान के विस्तृत

शामिल करना तथा बिहारशरीफ क्लस्टर में पुस्तकों के आधार पर अनुप्रेरक बैठक का आयोजन करना इत्यादि। समीक्षा के आलोक में महाद्वीपीय सलाहकार ने मित्रों को यह सुझाव दिया कि बिहार को विभिन्न सम्प्रदाय के साथ वार्तालाप करने की क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता है तथा उन्होंने बताया कि हमने प्रार्थना सभा के लिए कई परिवारों तक पहुंच बनाई है परन्तु अभी भी हमें उन परिवारों की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि वह प्रार्थना सभा के उद्देश्य एवं प्रभाव को जान सकें और प्रार्थना सभा का स्वामित्व ले सकें।

क्षेत्रीय कोष दल द्वारा क्षेत्र में गत वर्ष दान की राशि में प्राप्त

शेष पृष्ठ 3 पर

देश भर में नवरूज़ का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

• जयपुर में 21 मार्च, 2023 की पूर्वसंध्या पर सैकड़ों बहाई अनुयायियों ने नववर्ष के उत्सव नवरुज का आयोजन भक्तिमय एवं सांस्कृतिक वातावरण में किया, जिसमें बच्चों, महिलाओं और युवाओं ने कई रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जयपुर की स्थानीय बहाई आध्यात्मिक सभा के प्रवक्ता ने बताया कि बहाई कैलेंडर के अनुसार आज से नववर्ष का आरंभ होता है। बहाइयों के अलावा, ईरान और दुनिया भर में फैले हुए पारसी समुदाय के लोग भी नवरूज का उत्सव मनाते हैं और नए वर्ष का शुभारंभ करते हैं। 20–21 मार्च को उत्तरी गोलार्द्ध में बसन्त ऋतु आरंभ होती है, इसलिए बहाउल्लाह ने 21 मार्च को बसन्त सम्पात का दिन माना है और इस दिन को नवरूज या नया दिन नाम दिया है।

उल्लेखनीय है कि नवरूज से पूर्व दुनिया भर के बहाई 19 दिनों का उपवास रखते हैं। उपवास और अनिवार्य प्रार्थना को बहाई धर्म में "आध्यात्मिक उच्चता के दो महत्वपूर्ण स्तम्भों" की संज्ञा दी गई है।



जयपुर में आयोजित नवरूज के उत्सव में हर्षोल्लासित मित्रगण

नवरूज उन लोगों के लिए एक उपहार है जिन्होंने ईश्वर का आदेश माना है, उसके बताए मार्ग पर चलने के लिए तुच्छ वासनाओं और कामनाओं से ऊपर उठने का प्रयास किया है।



बिहार में, स्थानीय आध्यात्मिक सभा, मर्ची द्वारा आयोजित नवरूज कार्यक्रम में शामिल मित्रगण



बिहारशरीफ उपक्षेत्र के काशीचक क्लस्टर में नवरूज के अवसर पर महिलाएँ एवं बच्चे

• बिहार में 20 एवं 21 मार्च 2023 को विभिन्न समुदाय–समूहों में बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ नवरूज़ का पर्व मनाया गया, जिसमें गीत–संगीत, नृत्य, कहानी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बहाई मित्रों के अलावा अन्य समुदायों से काफी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। मित्रों ने शांति व सद्भाव के साथ रहते हुए एक–दूसरे को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

• 2 से 20 मार्च तक बहाई उपवास से ऊर्जान्वित होकर झारखण्ड के विभिन्न क्लस्टरों के विभिन्न समुदायों में भी बहाई नवरुज हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर राज्य के लगभग 10 क्लस्टरों के 17 समुदायों में बहाई नवरुज को मनाया गया, जिसमें अनुमानित 650 से भी अधिक मित्रगण शामिल हुए। अग्रणी समुदाय जहाँ पर संस्थान प्रक्रिया मजबूती से स्थापित हैं तथा स्थानीय संस्थाएँ एवं एजेंसियाँ अपनी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, वैसे 3 स्थानों पर स्थानीय आध्यात्मिक सभाओं ने स्वयं समुदायों अथवा क्लस्टरों में नवरुज का आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों, किशोरों तथा युवाओं द्वारा गीत–संगीत तथा कलाकृतियाँ भी प्रस्तुत की गईं। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष समुदाय में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से अधिक–से–अधिक मित्रों को बहाई नवरुज की जानकारी प्राप्त हुई और इसके साथ–साथ बहाई क्या करते हैं तथा क्या कर रहे हैं और इन कार्यों से क्या परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहे हैं इसकी समझ अधिक–से–अधिक मित्रों को प्राप्त हुई। साथ ही, इस कार्यक्रम के साथ–साथ उन्नीस दिवसीय सहभोज का भी आयोजन किया गया। परिषद् द्वारा तैयार की गई उन्नीस दिवसीय सहभोज पत्रिका का भी अध्ययन किया गया।



जमशेदपुर में आयोजित नवरूज कार्यक्रम के दौरान मित्रगण

गुरुग्राम में रूही पुस्तक–13 का अध्ययन

हरियाणा के गुरुग्राम में 24 से 27 मार्च, 2023 तक रूही पुस्तक–13 के अध्ययन हेतु बहाई भवन में एक सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में लगभग 40 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की, इनमें गुरुग्राम, दिल्ली और चंडीगढ़ क्षेत्र के मित्र शामिल हुए। सम्मेलन में अनुप्रेरक, शिक्षक, स्थानीय सभा और सहायक मण्डल सदस्य ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान मित्रों ने सीखा कि समाज में कैसे बेहतर तरीके से काम करना है और समाज में सामाजिक क्रिया में सामंजस्य कैसे बनाए रखा जाए। प्रभुधर्म की शिक्षाओं के माध्यम से समुदाय के मित्रों को अपने समुदाय में सामाजिक और आर्थिक संतुलन कैसे बनाए रखा जाए। इसके अलावा मित्रों ने मशरिकुल–अज़्कार के बारे में भी अपनी समझ को बढ़ाया। साथ ही, सात समूहों में गृहभ्रमण भी किया।



केरल में शीतकालीन स्कूल का आयोजन

केरल की राज्य बहाई परिषद द्वारा 23 से 26 दिसंबर, 2022 तक योजना और शीतकालीन स्कूल का आयोजन किया गया। यह एक बहुत ही लाभप्रद और आनंदमय सम्मेलन था, क्योंकि इसके माध्यम से मित्रों को एक–दूसरे से मिलने और उनके साथ अपने अनुभव साझा करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस सम्मेलन में लगभग 135 मित्रों ने भाग लिया। सम्मेलन में सलाहकार और दो सहायक मण्डल सदस्य भी उपस्थित थे। इस शीतकालीन स्कूल में हैदराबाद और कर्नाटक के कुछ मित्रों ने भी भाग लिया।

योजना और शीतकालीन स्कूल के लिए कन्नूर और कान्हांगड क्लस्टरों ने पहले दिन उद्घाटन समारोह की तैयारी की। अगले दिन की सुबह परिषद सचिव और अध्यक्ष ने सभी का स्वागत किया और सम्मेलन के उद्देश्य को साझा किया। इस सम्मेलन में सलाहकार की उपस्थिति सभी के लिए प्रेरणादायक थी। सम्मेलन के अगले तीन दिन आध्यात्मिक उत्थान, ज्ञान प्राप्त करने और प्रसन्न रहने पर चर्चा करने के लिए थे। इस कार्यक्रम में भक्तिपरक बैठक, वार्ता और मनोरंजन भी शामिल थे। सलाहकार ने मित्रों को सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया, उन्होंने कुछ सत्रों और अध्ययन समूहों का संचालन भी किया।

इस सम्मेलन के दौरान 21 क्लस्टरों के मित्रगण, सलाहकार द्वारा निर्देशित अपनी समीक्षा और विस्तार योजना बनाने में सक्षम थे। अधिकांश क्लस्टरों ने शिक्षण के लिए योजनाएँ बनाईं। सलाहकार ने प्रशिक्षण संस्थान मण्डल और परिषद से अन्य योजनाओं के तत्वों को बनाने में और योजना के आगे की कार्यवाही करने में उनकी मदद करने का अनुरोध किया। इस सम्मेलन को पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया, परन्तु कुछ राशि शेष रह गई।



केरल में आयोजित शीतकालीन स्कूल में शामिल होने वाले मित्रगण

सूचना

प्रिय मित्रगण,

आपको सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय बहाई परिषद पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू–कश्मीर के लिए श्री दृगपाल सिंह के स्थान पर अब श्री यम प्रसाद आचार्या सलाहकार के रूप में अपना दायित्व निभाएंगे।

राज्य बहाई परिषद मध्य प्रदेश के लिए श्रीमती भावना अनबरासन के स्थान पर अब श्री परिमल महातो सलाहकार के रूप में अपना दायित्व निभाएंगे।

• • •

महाद्वीपीय सलाहकार मण्डल द्वारा श्री राहुल सोंगरोला को असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश एवं नागालैंड का सहायक मण्डल सदस्य (संरक्षण) नियुक्त किया गया है। साथ ही, श्री सिद्धांत पवार को महाराष्ट्र एवं गोवा के लिए सहायक मण्डल सदस्य (प्रसार) नियुक्त किया गया है। इनका कार्यकाल 9 मार्च, 2023 से 26 नवम्बर, 2026 तक रहेगा।

झारखण्ड में बाल एवं किशोर मेले का आयोजन

पृष्ठ 1 का शेष

मिला तो वहीं पर एक मंदिर समिति द्वारा साउंड बॉक्स निःशुल्क दिया गया। बच्चों तथा किशोरों ने गत वर्ष की अपनी सीखों को बहुत अच्छी तरह प्रस्तुत किया, जो अत्यन्त मनोरम थीं। इस कार्यक्रम से बच्चों तथा किशोरों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है, जिसका प्रभाव हमारे बहाई कार्यक्रमों एवं समूहों में अवश्य पड़ेगा। उपस्थित अभिभावकों तथा अन्य मित्रों को इस कार्यक्रम से एक स्पष्ट समझ प्राप्त हुई कि बहाई अपने कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों, किशोरों और युवाओं का चरित्र निर्माण कर रहे हैं।

बिहार में वार्षिक योजना बैठक

पृष्ठ 1 का शेष

उपलब्धि एवं दान देने वाले मित्रों की संख्यात्मक ग्राफ की सहायता से प्रस्तुति और हुकूकुल्लाह के न्यासी द्वारा हुकूक की जानकारी ने आध्यात्मिक उद्यम में गतिमयता लाने में सहायता प्रदान की। राज्य तीर्थयात्री दल द्वारा मित्रों को पवित्र भूमि की वर्चुअल यात्रा कराई गई एवं बिहार से 2024 में पवित्र भूमि तीर्थयात्रा के लिए जा रहे दल में शामिल होने के लिए मित्रों को आमंत्रित किया। 'राज्य सामाजिक संवाद दल' एवं 'क्षेत्रीय संचार दल' ने राज्य की सीख और विश्व न्याय मंदिर के मार्गदर्शन को राज्य के गणमान्य अधिकारी से समुदाय स्तर तक के आदान–प्रदान की प्रक्रियाओं एवं रणनीतियों से अवगत कराया। बिहार के संगठन सोल और उसकी टीम ने अपने विभिन्न कार्यक्षेत्र की समीक्षा करते हुए समुदाय के साथ संबंध स्थापित करने के अनुभव व आगामी योजनाओं को प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण संस्थान जैसे–जैसे समुदाय में अपनी जड़े जमाने लगते हैं मित्र समुदाय निर्माण की प्रक्रियाओं में भाग लेना शुरु करते हैं जो दीर्घकालिक सामाजिक क्रिया का रूप धारण कर लेते हैं, से संबंधित सामुदायिक शिक्षा केंद्र कोठिया का प्रलेखीकरण पत्र का अध्ययन मित्रों को सामाजिक क्रिया का प्रस्फुटीकरण एवं प्रभाव को काफी बारीकी से जानने और पहचान करने का अवसर प्रदान हुआ। इस संदर्भ में महाद्वीपीय सलाहकार ने कहा – अपने क्षेत्रों में उभर रही सामाजिक क्रिया को बल देने की आवश्यकता है इस तरह की परियोजना को स्थापित करने व जारी रखने के लिए नाभिक से कुछ क्षमताएँ अपेक्षित हैं जैसे–गांव की अलग–अलग मान्यताओं, आयु वाले व्यक्ति के साथ परामर्श व सहयोग करने की क्षमता तथा जरूरत की पहचान और उसके आधार पर सामूहिक कदम उठाने की योग्यता ताकि समाज निर्माण शक्ति की बढ़ती मात्रा में निर्मुक्ति की पहचान की जा सके।

अंत में राज्य बहाई परिषद, बिहार ने सभी मित्रों का धन्यवाद ज्ञापन किया तथा सामूहिक प्रार्थना के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

Regd. No. DELHIN / 1966 / 04204 Delhi Postal Regd No. DL (ND) 11/6036/2021-22-23
Delhi P.S.O. Licensed to post without pre-payment No. U (C)-52/2021-22-23

समाचारचित्र



असम के श्री सागरजीत गोगोई और मध्य प्रदेश की सुश्री मोना बरतार का विवाह बहाई विधिविधान के अनुसार गुवाहाटी में स्थानीय आध्यात्मिक सभा के तत्वावधान में 17 फरवरी, 2023 को सम्पन्न हुआ।



श्री प्रियतोष घोष और सुश्री दीया रॉय का विवाह धर्मनगर, त्रिपुरा में स्थानीय आध्यात्मिक सभा के तत्वावधान में 9 मार्च, 2023 को बहाई विधिविधान के अनुसार सम्पन्न हुआ।



बिहार में क्लस्टर एवं उपक्षेत्रीय विकास सहयोगियों के लिए 11 से 13 मार्च 2023 तक बहाई भवन, पटना में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मित्रों ने पिछले 11 महीनों का मूल्यांकन तथा क्लस्टरों में उभर रही चुनौतियों एवं उपलब्धियों को साझा किया। तत्पश्चात क्लस्टर की वास्तविकताओं के मद्देनज़र व प्रभुधर्म के प्रसार–सुगठन को बढ़ाने हेतु आगामी चक्रों की योजना भी बनाई गई।

देवलाली में सरकारी योजनाओं के लाभ हेतु जागरूकता अभियान

महाराष्ट्र में देवलाली में पिछले दिनों स्थानीय आध्यात्मिक सभा देवलाली और सरकारी संस्थाओं के संयुक्त परामर्श से गांव और मोहल्लों में आयुष्मान भारत कार्ड के पंजीकरण के लिए शिविर लगाया गया। समुदाय ने अपने आधार कार्ड के द्वारा आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीकरण किया। देवलाली में संयोजक, समुदाय विकास समिति, स्थानीय आध्यात्मिक सभा और सहायक मंडल सदस्य के सहायक द्वारा समुदाय को स्वास्थ्य खराब हुआ तो उस सदस्य को सरकार की ओर से पाँच लाख रुपये तक का इलाज निःशुल्क मिलेगा। इस योजना के लिए सभी को पंजीकरण करना जरुरी है। जिला स्वास्थ्य कार्यालय से संपर्क के बाद यह योजना देवलाली में शुरू हुई और स्थानीय आध्यात्मिक सभा द्वारा गांव के सरपंचों के साथ योजना के महत्व पर परामर्श किया। ग्रामपंचायत द्वारा शिविर के लिए पर्याप्त सामग्री के लिए सहायता की गई। अभी तक सैंकड़ों मित्रों



शिविर में पंजीकरण के लिए प्रतीक्षा करते मित्रगण

जागरूक किया गया, जिसके लिए घर–घर जाकर योजना के संदर्भ में परामर्श किया कि इस योजना का लाभ घर के बच्चे, किशोर, युवा और वयस्कों को होगा। परिवार में किसी भी सदस्य का ने इस योजना का लाभ उठाया है और आने वाले माह तक देवलाली के 37 गांव और मोहल्लों में इस योजना को चलाया जाएगा और बड़ी संख्या में समुदाय योजना का लाभ उठाएंगे।



महाराष्ट्र में कल्याण, भिवंडी और उल्हासनगर में अय्याम–ए–हा हर्षोल्लास के मनाया गया। कल्याण और उल्लासनगर में गरीब लोगों को भोजन वितरण कर मनाया गया। विभिन्न टीमों द्वारा लगभग 140 प्लेट भोजन वितरित किया गया। भिवंडी में भी हर्षोल्लास के साथ यह दिवस मनाया, लगभग 100 मित्र एकत्रित हुए। मनोरंजन, प्रार्थना, पवित्र लेख, प्रार्थना कंठस्थ करने की प्रतियोगिता कराई गई।

कुल पृष्ठ संख्या–4 बहाई समाचारपत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित फार्म – 4, नियम 8

समाचार का नाम : बहाई समाचारपत्र
रजि नं. : DELHIN / 1966 / 4204 यू नं. (C)-52/2021-22-23
डी.एल. DL (ND) 11/6036/2021-22-23
प्रकाशक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
(बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1)
प्रकाशन स्थान : बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1

मुद्रक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1
मुद्रण स्थान : श्री मंगलम प्रिंटर्स, एफ–25, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़–1, नई दिल्ली–110020
उन व्यक्तियों के नाम जो समाचारपत्र स्वामी हों : राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा को इसका स्वामित्व प्राप्त है, जो सोसायटीज़ एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है।

Licenced to post without Pre-Payment Posted at DPSO Delhi on 10/11.04.2023
Sender's Address:
6, Shrimant Madhavrao Scindia Marg. New Delhi - 110 001 - INDIA

स्वामी, भारत के बहाईयों की राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा, जो सोसायटीज एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है, के लिए प्रकाशक, मुद्रक : सुशील कुमार के द्वारा श्री मंगलम प्रिंटर्स, एफ–25, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़–1, नई दिल्ली–110 020 से मुद्रित एवं बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–110 001 से प्रकाशित (सम्पादक : सुशील कुमार)